# संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

**E-Mail id : registrarsua@yahoo.in**


क्रमांक/ 693 /परीक्षा/प्रवेश/सत्र 2026–27 अम्बिकापुर, दिनांक 01/06/2026

## अधिसूचना

शैक्षणिक सत्र **2026-27** में संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) के विभिन्न शैक्षणिक विभागों एवं सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में **CBCS/NEP-2020** के अंतर्गत संचालित स्नातक, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल **Web link - www.sggcg.in** में ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक **01-06-2026** से प्रारम्भ किया जा रहा है।

प्रथम चरण में ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है:—

| क्र. | चरण | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम | ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन | दिनांक **01-06-2026** से **20-06-2026 11:59 PM** तक |

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले आवेदकों की मेरिट सूची तैयार करने, प्रवेश की तिथि एवं नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तृत निर्देश छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग से शैक्षणिक कैलेण्डर एवं प्रवेश मार्गदर्शिका जारी किये जाने उपरांत जारी किया जायेगा।
2. सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले आवेदकों की मेरिट सूची तैयार करने, प्रवेश की तिथि एवं नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया आदि के संबंध में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य को अधिकृत किया जाता है।
3. विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले आवेदकों की संख्या निर्धारित सीट से अधिक होने पर संबंधित पाठ्यक्रम के अध्यादेश के अनुसार प्रवेश परीक्षा आयोजित करने, प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी करने, मेरिट सूची तैयार करने, प्रवेश की तिथि एवं नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया आदि के संबंध में संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष को अधिकृत किया जाता है।
4. विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने के संबंध में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर हेल्पलाईन नम्बर **9098399749** में सम्पर्क कर सकते हैं।
5. सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उपलब्ध विषय, सीट संख्या, प्रवेश प्रक्रिया आदि के संबंध में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य एवं प्राचार्य द्वारा अधिकृत शिक्षक/प्रवेश प्रभारी/प्रवेश समिति/एन.ई.पी. नोडल से सम्पर्क कर सकते हैं।
6. विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उपलब्ध विषय, सीट संख्या आदि के संबंध में संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष द्वारा अधिकृत शिक्षक/प्रवेश प्रभारी से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से पूर्व आवेदक को वेबसाईट **https://www.abc.gov.in, https://www.digilocker.gov.in** के माध्यम से **ABC ID/APAAR ID** बनाया जाना अनिवार्य है, तथा **ABC ID/APAAR ID** की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन में करना अनिवार्य है।
8. ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क राशि रू. 100/– (एक सौ रूपए) प्रति पंजीयन का भुगतान ऑनलाईन करना अनिवार्य है। एक बार पंजीयन कर एक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एक से अधिक महाविद्यालयों/शिक्षण विभागों का चयन कर सकते है।

**कुलसचिव**
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)

01.06.2026

पृ० क्रमांक / 694 / परीक्षा / प्रवेश / सत्र 2026–27 अम्बिकापुर, दिनांक 01 / 06 / 2026

**प्रतिलिपि –**

1. माननीय कुलपति के निज सचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
2. प्राचार्य, सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
3. विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
4. ओ.एस.डी., अकादमिक विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
5. व्यवस्थापक, एम.आई.सी.एस. भोपाल
   – की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. कार्यालयीन नस्ती।

01.06.2026

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा

अम्बिकापुर (छ.ग.)